# मेरे मुरली मनोहर पिया चुरा दिल मेरा लिया लिरिक्स

मेरे मुरली मनोहर पिया,
चुरा दिल मेरा लिया,
आए हाय तूने ये क्या किया,
आए हाय तूने ये क्या किया,
चुरा दिल मेरा लिया,
मेरें मुरली मनोहर पिया,
चुरा दिल मेरा लिया।bd।

तर्ज – मेरे बांके बिहारी पिया।

---

इन नैनो में तू है समाया,
दूजा न कोई मन को भाया,
तुझे माना है अपना पिया,
चुरा दिल मेरा लिया,
मेरें मुरली मनोहर पिया,
चुरा दिल मेरा लिया।bd।

---

जब जब बाजे तेरी बाँसुरिया,
दौड़ी आएं राधा गुजरिया,
कैसा जादू ये तूने किया,
चुरा दिल मेरा लिया,
मेरें मुरली मनोहर पिया,
चुरा दिल मेरा लिया।bd।

---

तेरे बिना कोई चाह नहीं है,
जग की तो परवाह नहीं है,
मेरे दिल की तू ही दुनिया,
चुरा दिल मेरा लिया,
मेरें मुरली मनोहर पिया,
चुरा दिल मेरा लिया।bd।

---

‘साहिल’ मन की एक तमन्ना,
दूर नहीं अब तुमसे रहना,
तुझे अर्पण ये जीवन किया,
चुरा दिल मेरा लिया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे मुरली मनोहर पिया,
चुरा दिल मेरा लिया,
आए हाय तूने ये क्या किया,
आए हाय तूने ये क्या किया,
चुरा दिल मेरा लिया,
मेरें मुरली मनोहर पिया,
चुरा दिल मेरा लिया।bd।

**Singer – Pt. Gopal Mishra**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com